# 2022

# HINDI

## (Modern Indian Language)

**Full Marks : 100**

**Pass Marks : 33**

**Time : Three hours**

*साधारण निर्देश :*

(i) इस प्रश्न-पत्र के छः खण्ड हैं : क, ख, ग, घ, ङ, च ।

(ii) प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक प्रश्न के सामने दिए गए हैं।

(iv) उत्तर देते समय प्रश्न-पत्र में दी गई प्रश्न-संख्या तथा निर्देशों का ध्यान रखिए।

**खण्ड — क**

**(गद्य–25 अंक)**

1. नीचे लिखे गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 8

तुझे ऐसी जरा-सी बात का अब तक ख्याल होता है। तुझे तो खुश होना चाहिए कि उनके लिए एक रोज भूखे रहने का तुझे पुण्य मिला।

*अथवा*

जगत के साधु अगर यह कहते आये हैं कि मनुष्य जन्मतः अच्छा है, तो वे यह भी कहते आये हैं कि उसकी प्रारम्भिक प्रवृत्तियाँ पशु-प्रवृत्तियाँ हैं, इसलिए चाहे व्यक्ति हो, चाहे समाज हो, चाहे साहित्य हो, चाहे राष्ट्र हो, हम अच्छा करते हैं जो उसपर आँख मूँदकर विश्वास नहीं करते।

2. 'कामाख्या की छाया में' नामक पाठ में असम और असमवासियों का जो वर्णन किया गया है, उसे लगभग ***100 – 120*** शब्दों में लिखिए। 6

***अथवा***

एच.आई.वी. को संचरित होने से रोकने के उपायों तथा सावधानियों पर लगभग 100–120 शब्दों में प्रकाश डालिए।

*निर्देश :* प्रश्न-संख्या ***3*** का उत्तर लगभग ***40*** शब्दों तथा प्रश्न-संख्या ***4*** का उत्तर लगभग ***30*** शब्दों में और प्रश्न-संख्या ***5*** का उत्तर लगभग ***20*** शब्दों में लिखना है।

3. शगोल-काङजै कैसे खेला जाता है ? लिखिए। 4

4. 'आज का साहित्य काल का आविष्कार है।' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। 3

5. 'कालिन्दीचरण' की किन्हीं दो चारित्रिक विशेषता लिखिए। 2

*निर्देश :* प्रश्न-संख्या ***6*** और ***7*** के उत्तर संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए।

6. 'जयदल' कया हैं ? 1

(क) एक ताल का नाम

(ख) एक मंदिर का नाम

(ग) एक व्यक्ति का नाम

(घ) एक द्वीप का नाम

7. 'राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन' (नाको) का स्थापना कब हुई थी ? 1

(क) सन् 1980 (ख) सन् 1987

(ग) सन् 1988 (घ) सन् 1992

## खण्ड – ख

### (पद्य : प्राचीन 8 अंक ; आधुनिक 12 अंक = 20 अंक)

8. नीचे लिखे पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

(क) सब पर मेरी आशाएँ
सब पर मेरा एतबार है,
आगे बढ़ते जाना मेरे
जीवन का व्यापार है ।
कहाँ समय हैं, बैठूँ सोचूँ कौन जीत क्या हार है
मेरी यात्रा का तो हर काँटा करता श्रृंगार है ।

***अथवा***

(ख) उसके बाद भी आखिरी हथियार
चला सकते हो तुम
हथियार ?
नेत्रों की ज्वाला
वह तो बुझने वाली नहीं है ।

*निर्देश :* प्रश्न-संख्या *9* का उत्तर लगभग *40* शब्दों तथा प्रश्न-संख्या *10* का उत्तर लगभग *30* शब्दों में और प्रश्न-संख्या *11* और *12* के उत्तर लगभग *20* शब्दों में लिखना है।

9. 'अब लौं नसानी आब न नसैहौं।'

— इस काव्य पंक्ति में कवि क्या कहना चाहता हैं ? स्पष्ट कीजिए । 4

10. 'प्रौढ़ शिक्षा'कविता का प्रतिपाद्य अपने शब्दों में लिखिए । 3

11. 'फुटपाथ' और 'अधेड़ बकुल' के प्रतीकात्मक अर्थ लिखिए । 2

12. 'रहिमन गली है साँकरी, दूजो ना ठहरहिं ।' 2

– इस काव्य पंक्ति का भाव लिखिए ।

*निर्देश :* प्रश्न-संख्या ***13*** और ***14*** के उत्तर *एक-एक* वाक्य में और प्रश्न-संख्या ***15*** का उत्तर संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए।

13. रहीम द्वारा रचित किसी एक कृति का नाम लिखिए । 1

14. तुलसीदास राम के चरण को छोड़कर कहीं जाना क्यों नहीं चाहता ? 1

15. निम्नलिखित कृतियों में नागार्जुन की काव्य रचना नहीं है – 1

(क) युगधारा

(ख) बलचनमा

(ग) भस्मांकुर

(घ) वन्दना

## खण्ड – ग

## (पूरक पाठ्य पुस्तक – 15 अंक)

*निर्देश :* प्रश्न-संख्या ***16*** का उत्तर लगभग ***40*** शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या ***17*** का उत्तर लगभग ***30*** शब्दों में, और प्रश्न-संख्या ***18*** और ***19*** के उत्तर लगभग ***20*** शब्दों मे लिखना है ।

16. 'मानव की प्रगति में विज्ञान' पाठ के आधार पर मानव के लिए विज्ञान की देन पर एक अनुच्छेद लिखिए । 4

17. भारतीय संस्कृति को मिश्रित संस्कृति क्यों कहा जाता है ? स्पष्ट कीजिए । 3

18. 'लज्जावती' की किन्हीं दो चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए । 2

19. 'त्रिपिटक' क्या है ? इसमें क्या-क्या निहित हैं ? 2

*निर्देश :* प्रश्न-संख्या ***20*** से ***22*** के उत्तर ***एक-एक*** वाक्य में तथा प्रश्न-संख्या ***23*** का सही उत्तर संभावित विकल्पों में से चुनकर लिखिए।

20. विज्ञान किस पर हाथ डालता हैं ? 1

21. विज्ञान का अर्थ क्या हैं ? 1

22. 'देखता हूँ, इस नौकरी का भी कोई ठिकाना नहीं हैं।' – यह कथन किसका हैं ? 1

23. निम्नलिखित में विनोदशंकर व्यास की रचना हैं – 1

    (क) मानव की प्रगति में विज्ञान

    (ख) लमहो में प्रेमचन्द

    (ग) विधाता

    (घ) भारतीय संस्कृति : एक झलक

## खण्ड — घ

## (वाचन — 10 अंक)

*निर्देश :* प्रश्न-संख्या ***24*** से ***26*** तक के उत्तर लगभग ***20–20*** शब्दों में और प्रश्न-संख्या ***27*** से ***30*** तक के उत्तर **एक-एक** वाक्य में लिखना है।

24. 'मुख कमल के समान सुन्दर है।'

    – उपर्युक्त पंक्ति में निहित अलंकार का नाम परिभाषा सहित लिखिए। 2

25. 'तीन पर खाती ते वे तीन बेर खाती हैं।'

    – उपर्युक्त पंक्ति में निहित अलंकार का नाम परिभाषा सहित लिखिए। 2

26. 'दोहा' छंद का लक्षण सोदाहरण लिखिए। 2

27. 'मुख चन्द्रमा हैं।' 1

    – उपर्युक्त पंक्ति में निहित अलंकार का नाम लिखिए।

28. छन्द शास्त्र में 'लघु' और 'गुरु' वर्ण की कितनी मात्रा गिनी जाती है ? 1

29. हरिगीतिका छंद के प्रत्येक चरण में कितनी मात्राएँ होती है ? 1

30. 'सबसे मिलकर रहमन ! बैर बिसार ।
दुर्लभ नर-तन पाकर कर उपकार ।'
– उपर्युक्त काव्य पंक्ति किस छंद में है ? 1

## खण्ड — ङ

### (लेखन — 15 अंक)

31. मान लीजिए कि आप 'अ' दैनिक समाचार पत्र का रिपोर्टर है । 'मणिपुर में COVID-19 महामारी के कारण विद्यार्थियों पर पडने वाले प्रभाव' के संबध में एक रिपोर्ट तैयार कर आपके समाचार-पत्र में छपवाइए । 8

32. मान लीजिए कि आप पर्यावरण विभाग के निर्देशक है । लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए । 7

## खण्ड — च

### (व्याकरण — 15 अंक)

*निर्देश :* प्रश्न-संख्या ***33*** का उत्तर लगभग ***30*** शब्दों में, तथा प्रश्न-संख्या ***34*** से ***36*** तक के उत्तर लगभग ***20 – 20*** शब्दों में और प्रश्न-संख्या ***37*** से ***42*** तक के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखना है ।

33. वाक्य परिवर्तन किसे कहते है ? सरल वाक्य को संयुक्त वाक्य में तथा संयुक्त वाक्य को मिश्र वाक्य में परिवर्तन करने का एक-एक नियम लिखिए । 3

34. सन्धि और समास के अन्तर को सोदाहरण समझाइए । 2

35. तत्सम शब्द किसे कहते हैं ? सोदाहरण लिखिए । 2

36. 'अधजल गगरी छल-छलक जाए' लोकोक्ति का अर्थ लिखते हुए एक वाक्य बनाइए । 2

37. 'पंचवती' समास का भेद लिखिए । 1

38. 'आग' शब्द का तत्सम रूप लिखिए । 1

39. 'जब शक्ति होती है, तब अभिमान हो जाता है' – इस मिश्र वाक्य को सरल वाक्य में परिवर्तित कीजिए । 1

40. 'श्याम आया और चला गया ।'
– इस संयुक्त वाक्य को सरल वाक्य में परिवर्तित कीजिए । 1

41. 'अन्धे के हाथ बटेर लगना' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए । 1

42. 'आँसू पोंछना' मुहावरे का अर्थ लिखिए । 1

---